मार्केट शोर से ज्यादा, बिजनेस की बुनियाद पर भरोसा रखें। रोज की खबरें भटकाती हैं, मजबूत कंपनी लंबी दौड़ जीतती है। सही समझ के साथ लिया गया जोखिम ही अवसर बनता है।

अबिगेल जॉनसन सीईओ, फिडेलिटी इन्वेस्टमेंट्स

पत्रिका फाइनेंस

@बिजनेस & वेल्थ

शेयर बाजार		सोना	चांदी		रुपया
सेंसेक्स	निफ्टी	स्टैंडर्ड (24K)	चांदी (999)		
76,957 (-307)	24,080 (-95)	₹1,59,000 (प्रति 10 ग्राम) (-1600)	₹2,43,000 (प्रति किग्रा) (-300)		₹95.17 (प्रति 1 डॉलर) (+0.26)

इन्वेस्टमेंट @पत्रिका इंफोग्राफिक्स

निवेशकों के लिए खरीदारी का मौका या जाल?

निफ्टी 50 की 47 कंपनियों ने गंवाए ₹49 लाख करोड़

मुंबई@पत्रिका. *निफ्टी 50 की 47 कंपनियों ने अपने रेकॉर्ड हाई से कुल 49 लाख करोड़ रुपए की बाजार पूंजी गंवा दी है। टीसीएस, एचडीएफसी, रिलायंस और इंफोसिस ने मिलकर करीब 20 लाख करोड़ रुपए गंवाए हैं, जो कुल गिरावट का 41% है। ऐसे में निवेशकों के सामने बड़ा सवाल है कि दिग्गज शेयरों में आई गिरावट क्या सस्ते भाव पर खरीदारी का मौका है या फिर इनमें पैसा लगाना वैल्यू ट्रैप साबित हो सकता है।*

कितनी घटी बाजार पूंजी



33 लाख करोड़ घटी देश की टॉप 10 कंपनियों की ***बाजार पूंजी अपने ऑल-टाइम हाई से, टीसीएस सबसे बड़ी लूजर***

14 कंपनियों की बाजार पूंजी कम से कम 1-1 लाख करोड़ रुपए घटी, आइटी कंपनियां सबसे बड़ी लूजर, ***देश की टॉप 5 आइटी कंपनियों का मार्केट कैप 15.65 लाख करोड़ रुपए घटा***

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत जून 2026 में हवाई सेवाओं को छोड़कर 19 में से 18 सर्विस सेक्टर्स में भी जबरदस्त ग्रोथ

दुनिया में उथल-पुथल, पर भारत की तेज रफ्तार... जीडीपी 7.8% बढ़ी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. वैश्विक अर्थव्यवस्था अभी ट्रेड से जुड़ी अनिश्चितता, ईरान संकट से भू-राजनीतिक तनाव, महंगे ईंधन व कमजोर मांग जैसी चुनौतियों से जूझ रही, पर भारतीय अर्थव्यवस्था ने अपनी मजबूती बरकरार रखी है। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7.8% रही। मजबूत घरेलू मांग, सेवा क्षेत्र की तेजी, आर्थिक गतिविधियों में व्यापक सुधार ने विकास की रफ्तार को सहारा दिया है। मैन्युफैक्चरिंग में तेजी के दम पर जून तिमाही में 7.8% की जीडीपी ग्रोथ इस बात का संकेत है कि बाहरी जोखिमों के बावजूद देश की आर्थिक गतिविधियों में मजबूती बनी हुई है। साथ ही जून 2026 में हवाई सेवाओं को छोड़कर 19 में से 18 सेवा क्षेत्रों में वृद्धि दर्ज की गई। यानी ग्रोथ केवल कुछ चुनिंदा क्षेत्रों तक सीमित नहीं है।

10.3% रही नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ रेट जून तिमाही 2026-27 में, जो 2025-26 की समान अवधि में 8.1% बढ़ी थी, ***रियल जीवीए 8.2% तो नॉमिनल जीवीए में 11.5% इजाफा इस जून तिमाही***



क्या है जीवीए: ग्रॉस वैल्यू ऐडेड (जीवीए) बताता है कि एक तय अवधि में इनपुट कॉस्ट और कच्चे माल का दाम निकालने के बाद कितने रुपए की वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन हुआ।

इन सर्विस सेक्टर्स में जबरदस्त तेजी

सेक्टर	ग्रोथ रेट		
रियल एस्टेट	24.7%	आइटी सर्विसेज	13.5%
रिटेल ट्रेड	18.0%	बैंकिंग	11.4%
होलसेल ट्रेड	15.1%	इंश्योरेंस	9.6%
		रोड ट्रांसपोर्ट	9.7%

(जून 2026 के आंकड़े, सालाना आधार पर इजाफा)

19 में से **8** सर्विस सेक्टरों में ***डबल डिजिट ग्रोथ दर्ज जून 2026 में,*** सांख्यिकी मंत्रालय के मुताबिक

किस सेक्टर में कितनी तेज रही ग्रोथ रेट...

सेक्टर	मार्च तिमाही	जून तिमाही
मैन्युफैक्चरिंग	7.2%	9.2%
कंस्ट्रक्शन	8.4%	7.7%
माइनिंग	5.4%	-2.4%
बिजली-पानी	4.1%	-1.8%
डिफेंस-अन्य	5.8%	7.5%
रि.एस्टेट	10.4%	12.1%
कृषि	3.6%	3.6%
होटल-ट्रांसपोर्ट	9.8%	8.5%

(सालाना आधार पर बढ़ा-घटा उत्पादन)

अर्थव्यवस्था के असली 'हीरो'

1. **मैन्युफैक्चरिंग:** इसने 2023 से अब तक में डबल डिजिट में विकास दर हासिल की है, 2025-26 में भी ग्रोथ रेट 10.7% रही, वहीं जून तिमाही 2026-27 में भी ग्रोथ रेट 9.2% रही, जो 'मेक इन इंडिया' विजन के लिए बड़ी जीत है।
2. **सर्विस सेक्टर:** बिजनेस, होटल, ट्रांसपोर्ट और ब्रॉडकास्टिंग से जुड़ी सेवाओं ने जून तिमाही में 8.5% की दर से विकास किया है। फाइनेंस, रियल एस्टेट में भी 12.1% तेजी आई।
3. **प्राइवेट कंजम्पशन:** आम आदमी के खर्च करने की क्षमता भी बढ़ी है। प्राइवेट फाइनल कंजम्पशन एक्सपेंडिचर में 7.1% से ज्यादा की बढ़त।

वॉर्श इफेक्ट अमरीका में महंगाई के ऊंचे लेवल पर बने रहने से ब्याज दरें बढ़ने की आशंका

यूएस फेड के सख्त रुख से सोना-चांदी, शेयर बाजार पस्त, डॉलर हुआ मजबूत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मुंबई. अमरीका में महंगाई ऊंचे स्तर पर बने रहने और फेडरल रिजर्व के नए चेयरमैन केविन वॉर्श के सख्त रुख ने सोमवार को दुनियाभर के वित्तीय बाजारों पर दबाव बढ़ा दिया। ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों को झटका लगने के साथ अब सितंबर में फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरें बढ़ाने की आशंका मजबूत हुई है। केविन वॉर्श ने जैक्सन होल बैठक में स्पष्ट संकेत दिया कि अगर महंगाई 2% के लक्ष्य की ओर पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ती है तो केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों पर और सख्त कदम उठाने पड़ सकते हैं।

वॉर्श के इस रुख के बाद सीएमई फेडवॉच ने कहा, सितंबर में 25 बेसिस प्वाइंट की दर वृद्धि की संभावना 60% तक पहुंच गई। बार्कलेज ने तो सितंबर और दिसंबर, दोनों बैठकों में 25-25 बेसिस प्वाइंट दर वृद्धि का अनुमान लगाया है। इसका असर सोमवार को सोना-चांदी, शेयर बाजार और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर दिखा। इस 'हॉकिश' रुख ने डॉलर को मजबूत किया और ट्रेजरी यील्ड्स को बढ़ाया, जिससे सबसे ज्यादा दबाव गैर-ब्याज देने वाली परिसंपत्तियों पर आया। इससे सोना-चांदी जैसे सुरक्षित निवेशों की मांग में गिरावट आई। साथ ही शेयर बाजारों में भी बिकवाली हुई। भारत में सेंसेक्स 307 अंक गिरकर 76,957 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 95 अंक टूटकर 24,080 पर आ गया। शेयर बाजारों में आई गिरावट का एक कारण अमरीका-ईरान में फिर से जंग शुरू होने के कच्चे तेल की कीमतों में 5% उछाल भी रहा। ब्रेंट क्रूड 91 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया, जिससे महंगाई बढ़ने की आशंका बढ़ी और निवेशकों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति कमजोर हुई।



इस महीने क्रूड में भारी उठापटक

(प्रति बैरल ***क्रूड ऑयल की कीमतें डॉलर में***)

0.56% ***मजबूत*** होकर 99.67 पर पहुंच गया डॉलर इंडेक्स दुनिया की 6 सबसे बड़ी करेंसीज के मुकाबले, ***हालांकि डॉलर के मुकाबले रुपया 26 पैसे मजबूत होकर 95.17 पर हुआ बंद***

4.75% पर पहुंच गया 10 साल वाले अमरीकी बॉन्ड का प्रतिफल, 30 वर्षीय बॉन्ड का यील्ड 5.25 पर, ***जिससे सोने-चांदी और ग्लोबल शेयर बाजारों में आई गिरावट***

4655 डॉलर प्रति औंस पर था 24 अगस्त को ग्लोबल बाजार में सोना, ***जो गिरकर 4444 डॉलर पर आ गया***

₹2000 टूटकर एमसीएक्स पर 10 ग्राम 24 कैरेट वायदा सोने का भाव 1.54 लाख रुपए, ***चांदी भी 1500 रुपए की गिरावट के साथ 2.34 लाख रुपए किलो पर***

बाजार: दो महीने की तेजी पर ब्रेक

माह	सेंसेक्स प्रदर्शन
अप्रेल	6.90%
मई	-2.79%
जून	2.28%
जुलाई	2.11%
अगस्त	-1.46%

गोल्ड-सिल्वर ईटीएफ 4% तक टूटा

सोने-चांदी की कीमतों में कमजोरी का सीधा असर ईटीएफ पर पड़ा। कई गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ 4% तक टूट गए। सिल्वर ईटीएफ में बिकवाली तेज रही। निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण संकेत है, क्योंकि अगस्त में सोने-चांदी की कीमतों में जबरदस्त तेजी के बाद अब फिर से ब्याज दरों से जुड़ी अनिश्चितता बढ़ गई है।

निवेशकों के लिए इसके क्या हैं मायने?

बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, आने वाले दिनों में बाजार की दिशा मुख्य रूप से अमरीकी रोजगार और महंगाई के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। सितंबर में फेड की बैठक से पहले आने वाले खुदरा महंगाई के आंकड़े यह तय करने में महत्वपूर्ण होंगे कि यूएस फेड अध्यक्ष केविन वॉर्श का सख्त रुख वास्तविक दर वृद्धि में बदलता है या नहीं। ऐसे माहौल में डॉलर मजबूत रहने और बॉन्ड यील्ड ऊंची रहने की स्थिति में सोने-चांदी के साथ भारत जैसे उभरते बाजारों के शेयरों पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि भू-राजनीतिक तनाव और महंगाई से बचाव की जरूरत कीमती धातुओं के लिए सहारा भी बनी हुई है। इसलिए मौजूदा गिरावट को केवल एकतरफा बिकवाली के तौर पर देखने के बजाय निवेशकों को फेड की अगली नीति, अमरीका की महंगाई और डॉलर की दिशा पर नजर रखनी होगी।

शेयर बाजार में भी बढ़ी घबराहट

फेड की सख्ती की आशंका के साथ अमरीकी बॉन्ड यील्ड में तेजी, डॉलर की मजबूती और कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने भारतीय शेयर बाजार की धारणा कमजोर की। सोमवार को सेंसेक्स 307 अंक गिरा और निफ्टी 24,100 के नीचे बंद हुआ। बाजार में एसएससीआइ इंडेक्स के पुनर्संतुलन और कुछ बड़े शेयरों में फंड फ्लो से जुड़ी अस्थिरता ने भी उतार-चढ़ाव बढ़ाया।

सेमीकॉन 2.0 85,000 इंजीनियर तैयार

1,00,000 और सेमीकंडक्टर इंजीनियर तैयार करने का लक्ष्य

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

नई दिल्ली. केंद्र सरकार ने देश में सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन और डिजाइन के साथ टेस्टिंग को बढ़ावा देने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए के सेमीकॉन 2.0 प्रोग्राम को नोटिफाई कर दिया है। केंद्रीय आइटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सेमीकंडक्टर मिशन में बड़े महानगरों के साथ छोटे शहरों के युवा भी अपनी जगह बना रहे हैं। टियर-2 और टियर-3 शहरों के छात्रों ने 250 से ज्यादा सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन की हैं। वहीं भारत ने 10 साल में 85,000 सेमीकंडक्टर इंजीनियर तैयार करने का लक्ष्य महज 4 साल में हासिल कर लिया है। सरकार अब 1,00,000 और इंजीनियर तैयार करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इसके साथ ही आने वाले वर्षों में वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग के बाजार में भारत की हिस्सेदारी करीब 10% तक पहुंचने की उम्मीद जताई गई है।

अधिसूचना जारी

सोमवार को सेमीकॉन 2.0 के सभी छह स्तंभों के लिए अधिसूचनाएं जारी करते हुए वैष्णव ने बताया कि सेमीकंडक्टर उद्योग के विस्तार के साथ रोजगार की संभावनाएं बढ़ने की उम्मीद है। भारत में विकसित हो रहा सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम 50 से 60 हजार प्रत्यक्ष रोजगार पैदा कर सकता है। सेमीकॉन 2.0 को पहले से चल रहे सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के अगले चरण के तौर पर आगे बढ़ाया जा रहा है।

सेमीकॉन 2.0 के स्तंभ

1. **डिजाइन:** राष्ट्रीय महत्व और रणनीतिक प्राथमिकताओं के साथ वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए सेमीकंडक्टर आइपी, चिप, सिस्टम-ऑन-चिप और मॉड्यूल का डिजाइन शामिल है।
2. **मशीन और सामग्री:** सेमीकंडक्टर निर्माण इकोसिस्टम को विकसित किया जाएगा।
3. **नए फैब की स्थापना:** सिलिकॉन सेमीकंडक्टर वेफर फैब, कंपाउंड सेमीकंडक्टर, फोटोनिक्स, सेंसर, डिस्क्रीट सेमीकंडक्टर फैब और डिस्प्ले फैब स्थापित करने की श्रेणियां शामिल।
4. **उद्योग को मजबूत करना:** सेमीकंडक्टर असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग (एटीएमपी) तथा आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) सुविधाओं को मजबूत किया जाएगा।
5. **अनुसंधान एवं विकास:** उन्नत सेमीकंडक्टर प्रौद्योगिकियों से जुड़े अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।
6. **प्रतिभा विकास:** सेमीकंडक्टर क्षेत्र के लिए कुशल मानव संसाधन तैयार करने पर जोर दिया जाएगा।

विवाद लोन हेयरकट से मचा हंगामा

सुभाष चंद्रा की योजना पर एनसीएलएटी सुनेगा अपील

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

नई दिल्ली. एनसीएलएटी मंगलवार को उन लेनदारों की अपील पर सुनवाई करेगा, जिन्होंने जी ग्रुप के संस्थापक सुभाष चंद्रा की चुकौती योजना को मंजूरी देने वाले एनसीएलएटी के आदेश को चुनौती दी है। सुभाष चंद्रा के 99.97% 'लोन हेयरकट' मामले के चलते सोमवार को जी एंटरटेनमेंट के शेयरों में 14% की गिरावट है और 86.90 प्रति शेयर पर आ गए।



क्या है पूरा मामला

चंद्रा की कंपनी पर ₹22,006 करोड़ का कर्ज है, उन्होंने लेनदारों को सिर्फ 6.25 करोड़ रुपए चुकाने का प्रस्ताव रखा, जिसे एनसीएलएटी ने 25 अगस्त को मंजूरी दे दी। इस योजना के पक्ष में 80.81% लेनदारों ने वोट किया। असंतुष्ट ऋणदाताओं ने आरोप लगाया है कि चंद्रा के परिवार से जुड़ी पांच इकाइयों ने सामूहिक रूप से 61.78% मतदान हिस्सेदारी को नियंत्रित किया व समाधान योजना को आगे बढ़ाने में भूमिका निभाई।

कर्ज देने वालों को आपत्ति एलआइसी हाउसिंग, कैनरा बैंक, यूनियन बैंक, एचडीएफसी बैंक और आइडीबीआइ समेत कई बैंकों का कहना है कि यह योजना गलत तरीके से पास की गई।

महंगाई कपास-धागे की कीमत में उछाल

त्योहारी सीजन में 20% तक महंगे हो सकते हैं कपड़े

नई दिल्ली. कपास और कॉटन यार्न (सूती धागे) की कीमतें तेजी से बढ़ रही हैं। इस साल यार्न करीब 60% महंगा हो चुका है, कपास के दाम में 28% से अधिक की तेजी आई है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद के मुताबिक, 2026 की शुरुआत में करीब 250 रुपए प्रति किलोग्राम की कीमत वाला सूती धागा अब करीब 400 रुपए प्रति किलो हो गया है। देश में कपास का सीमित भंडार व आवक में कमी की वजह से कीमतें बढ़ रही हैं। सूती धागे की बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने के लिए कपड़ा उद्योग ने यार्न के निर्यात को नियंत्रित करने की मांग की है।

लागत में इजाफा

उद्योग जगत का कहना है कि कॉटन यार्न की घरेलू और विदेशी मांग तेज है। कीमतों में तेज बढ़ोतरी का असर सप्लाई चेन पर पड़ने वाला है। कच्चे माल सहित अन्य खर्च बढ़ने की वजह से उत्पादन लागत में इजाफा हुआ है। इसके कारण गारमेंट के दाम बढ़ना तय माना जा रहा है। इस त्योहारी सीजन में कपड़े 5% से 20% तक महंगे हो सकते हैं।

पूरे साल के लक्ष्य का 26.8%, ₹4.55 लाख करोड़ रहा

नई दिल्ली. केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष 2026-27 के पहले चार महीनों यानी अप्रेल-जुलाई तक 4.55 लाख करोड़ पहुंच गया है। यह पूरे वित्त वर्ष के लिए तय लक्ष्य का 26.8% है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में राजकोषीय घाटा बजट अनुमान का 29.9% था। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3% यानी 16.96 लाख करोड़ तय किया है।

मूंग और मसूर दाल के भाव में तेजी

इंदौर. छावनी अनाज मंडी में मूंग और मसूर के भाव में तेजी आई, जिससे मिलर्स ने मूंग दाल और मसूर दाल के दाम बढ़ाएं। ऑस्ट्रेलिया में शीतकालीन फसलों और खासकर चना की छिटपुट कटाई-तैयारी आरंभ हो गई है। चना की अगैती बिजाई वाली फसल की कटाई शुरू हुई है।

पत्रिका

आम सूचना/कोर्ट नोटिस/एडवोकेट नोटिस
| w.e.f. 1th jan. 2024 |

EDITION	Size (Fix)	Amount
Bhopal	10x4 cm	6000/-
	12x4 cm	7500/-

गुमशुदा / खोया-पाया

EDITION	Size (Fix)	Amount
Bhopal	8x4 cm	3520/-
Greater Bhopal	8x4 cm	4950/-

GST 5% Extra.

बुकिंग के लिये संपर्क करें-
9897546777
8871716943

नाम परिवर्तन सूचना

मैं आकाश शिल्पकार आत्मज नोनीतराम, माता रुकमणी आयु व्यस्क निवासी म.न. 34 शिवनगर फेस-3 भानपुर विदिशा रोड भोपाल होकर घोषणा करता है कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम आकाश दर्ज है एवं मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम **आकाश शिल्पकार** दर्ज है भविष्य में मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम **आकाश शिल्पकार** अंकित किया जाए एवं जाना व पहचाना जाए।

आकाश शिल्पकार
आत्मज नोनीतराम
निवासी म.न. 34 शिवनगर फेस-3 भानपुर विदिशा रोड भोपाल

जाहिर सूचना

बुकिंग संपर्क मो : 8871716943

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल
एक्षेत्र - 1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम-सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, आर. एस. एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल में स्थित फ्लेट क्रमांक एल.आई.जी.-33, तृतीय तल मण्डल द्वारा श्री राजीव शर्मा आत्मज श्री एस. सी. शर्मा को भाड़ाक्रय आधार पर दिनांक 01/03/1993 को आवंटित किया गया है। श्री राजीव शर्मा द्वारा श्री राजेन्द्र कुमार जैन आत्मज स्व. श्री खेमचंद जैन के नाम से हस्तांतरण हेतु पूर्व में आवेदन शपथ पत्र एवं अन्य प्रपत्र प्रस्तुत किये गये थे, किन्तु हस्तांतरण की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हुई इस मध्य दिनांक 29/04/2015 को श्री राजेन्द्र कुमार जैन आत्मज स्व. श्री खेमचंद जैन का स्वर्गवास हो गया, अतः श्री राजीव शर्मा आत्मज श्री एस. सी. शर्मा द्वारा प्रस्तुत प्रपत्र एवं स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन के वारिसों द्वारा प्रस्तुत शपथ पत्र एवं सहमति पत्रों के आधार पर श्री राजीव शर्मा से श्रीमती राजमती जैन पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार जैन के पक्ष में हस्तांतरित करने हेतु हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है।

यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति /उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1, भोपाल

जाहिर सूचना

खसरा नंबर 1366 व 1367 ग्राम बरखेड़ा सालम, पटवारी हल्का 56, तहसील हुजूर, जिला भोपाल के संबंध में

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने उपलब्ध दस्तावेजो के अनुसार श्रीमती वरुणा रिछारिया पत्नी श्री राजेश रिछारिया, निवासी– मकान नंबर 19, कायस्थपुरा, भोपाल म.प्र.. से उनके स्वत्व, स्वामित्व व अधिपत्य की दो किता कृषि भूमि जिसे सुविधानुसार कृषि खण्ड क्रंमाक ए–12 से चिन्हित किया गया है, जो कि खसरा नंबर 1366 रकबा 1.230 हेक्टेयर में से 0.079 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1367 रकबा 0.380 हेक्टेयर में से 0.013 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा 0.092 हेक्टेयर अर्थात 0.228 एकड़ होकर ग्राम बरखेड़ा सालम, पटवारी हल्का नम्बर 56, राजस्व निरीक्षक मंडल 03, विकासखण्ड– फंदा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, को क्रय करने का अनुबंध कर बयाना राशि अदा कर दी है। उक्त अनुबंधित कृषि भूमि की चतुर्थ सीमाये निम्नानुसार है :–पूर्व में – खण्ड क्रंमाक ए–13, पश्चिम में खण्ड क्रंमाक ए–11, उत्तर में खण्ड क्रंमाक ए–01, दक्षिण में 25 फीट चौड़ा प्रस्तावित रास्ता, मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि को क्रय करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, सोसाईटी, बैक अथवा विभाग को कोई आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का दावा, झगडा, विवाद, भार हो या उक्त भूमि का कोई अन्य विलेख निप्पादित किया गया हो तो इस सूचना प्रकाशन (विज्ञप्ति) से 7 दिवस के अन्दर मेरे समक्ष सहप्रमाण मय दस्तावेज के उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समय अवधि के बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा एवं मेरे पक्षकार विक्रय पत्र का पंजीकरण (रजिस्ट्री) का निप्पादन अपने पक्ष में कराने हेतु स्वतंत्र होगें, तदानुसार सूचित हो।

भवदीय **राजेन्द्र मैथिल** अधिवक्ता
कार्यालयः शॉप नं. 14, सेकण्ड फ्लोर, फाइन एवेन्यु, कोलार रोड, भोपाल
मो.-9977600944

MADHYA PRADESH ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION
5th Floor, Metro Plaza, Bittan Market, Bhopal

CAVEAT NOTICE-REVISED

That Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission, Bhopal has issued Vacancy Circular for the Post of Director's (Deputation/Contract) on 06th August 2026 as per the provisions laid down in the Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission (Class I and II Service Recruitment and Condition of Service) Regulations 2012 and its amendments thereof. It is informed to whomsoever it may concern that if anyone wishes to challenge the said process in the Hon'ble High Court of MP by way of Writ Petitions or other legal proceedings, a copy of application/petition/pleading be served to either Office of MP Electricity Regulatory Commission, 5th Floor, Metro Plaza, Bittan Market, Bhopal or to their Counsel **Mrs. Deepa Nair, Advocate,** 1570-A, Napier Town, Jabalpur (MP).

M.P. Madhyam/127811/2026 **COMMISSION SECRETARY**

कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.

दूरभाष क्रमांक- 07141-234408 Email- dfopbetul@mp.gov.in

क्रमांक/स्टोर/2026/100 बैतूल, दिनांक 25/8/2026

ई-निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमण्डल बैतूल अंतर्गत विदोहन वर्ष 2026-2027 (30 सितम्बर 2027) के उपयोग हेतु परिक्षेत्रों/काष्ठागारों के उपयोग हेतु लगने वाली विदोहन सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र की शर्तें एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 1,000/- तथा सत्यंकार की राशि रूपये 9,000/- हैं। निविदा प्रपत्र ऑन-लाईन ही क्रय किया जा सकेंगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य लगभग रूपये 3,00,000/- है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

क्र.	विवरण	दिनांक	समय
01	Publishing Date	07/09/2026	निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट https://mptenders.gov.in दर्षित हैं।
02	Document Download/Sale Start Date	07/09/2026	
03	Bid Submission Start Date	07/09/2026	
04	Pre-bid Meeting	21/09/2026	
05	Bid Submission Closing Date	28/09/2026	
06	Bid Opening Date	30/09/2026	

टीप :- निविदा में पर्याप्त निविदाकार नहीं आने, या अन्य किसी करण से निविदा निरस्त होती है, तथा अधोहस्ताक्षरकर्ता को पुनः निविदा बुलाना यदि आवश्यक हो तो, 07 दिवस की अल्पकालिक निविदा मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जावेगी। उसे समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

(विजेन्द्र खोब्रागड़े)
भा.व.से. वनमंडल अधिकारी
(उत्पादन) वनमंडल बैतूल

G-17950/26 'बच्चो की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखे हर हाल'

मध्य प्रदेश शासन - वन विभाग
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मण्डलाधिकारी (क्षे.) बागली वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास, जिला देवास

E-mail - sdoFTbagli@mp.gov.in mob. No. 9424792184

जाहिर सूचना :-
जप्त वाहन/सामग्री के राजसात प्रक्रिया की सूचना

एतद द्वारा सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है कि, वन मण्डल (क्षेत्रीय) देवास अंतर्गत वन परिक्षेत्र जिनवानी में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 48432/06 दिनांक 28.07.2026 में वाहन टाटा अल्ट्रा आयसर प्लेट अनुसार वाहन क्रमांक RJ27GD6896, इंजन क्रमांक 5LNGDICR21KYX520869, चेचिस क्रमांक MAT790205M7K17480 मय सागौन लठ्ठा नग 57 मात्रा 7.567 घ.मी. को अवैध परिवहन में जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। जिसके अधिहरण की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में प्रचलित है।

इस संबंध में जो भी व्यक्ति, संस्था, फर्म उपरोक्त वाहन से संबंधित अपना हित रखते हों तो वे अपना पक्ष/प्रतिवेदन 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) बागली, फारेस्ट कालोनी बागली, जिला देवास में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि तक उपरोक्त वाहन से हित रखने वाले के उपस्थित ना होने की स्थिति में वाहन/सामग्री के एक तरफा राजसात की कार्यवाही के लिये अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय स्वतंत्र रहेगा

(अंकित जामोद), प्राधिकृत अधिकारी एवं
उप वनमण्डलाधिकारी (क्षेत्रीय) बागली

जी-17937/26

पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
आस्ति वसूली प्रबंधन शाखा
अरेरा हिल्स, भोपाल,फोन नं. 0755-2550020

अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम